


# विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें–विधानसभा अध्यक्ष तोमर

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि विद्यार्थी विकसित भारत के निर्माण में सहभागी बनें, जिससे आने वाली पीढी को गर्व के साथ बता सकें कि

**1 करोड 76 लाख के कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण**

वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को आगे ले जाने के लिए हमारी पीढी कार्य किया था, वे आज पीएम कॉलेज एक्सीलेंस श्योपुर में आयोजित जनभागीदारी समिति द्वारा आयोजित भूमिपूजन एवं लोकार्पण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इस अवसर पर सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, वन विकास निगम के अध्यक्ष







रामनिवास रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं अशोक गर्ग, नगरपालिका उपाध्यक्षी संजय महाना, जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज सर्राफ, सदस्यगण दिनेश दुबोलिया, पीसी आर्य, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा सहित अन्य अधिकारी, जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक एवं विद्यार्थीगण उपस्थित थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि वे श्योपुर महाविद्यालय से युवा अवस्था से ही जुडे हुए है, छात्र राजनीति के चलते उनका जुडाव छात्र संघ से रहा है। श्योपुर महाविद्यालय का इतिहास भी काफी पुराना है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में सुविधाएं बढी है और ढोढर तथा बडौदा में भी महाविद्यालयों का संचालन शुरू हुआ है। इस अवसर पर उन्होंने विद्यार्थियों को आव्हान करते हुए कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने में अपना योगदान प्रदान करें और वैश्विक प्रतिस्पर्धा के इस दौर में भारत को मजबूती प्रदान करने के लिए शिक्षा और अन्य कौशल क्षेत्र में अपनी भूमिका निभाते हुए आगे बढें।

कार्यक्रम का संचालन प्रोफेसर सीमा चौकसे द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष मनोज सर्राफ ने किया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा द्वारा स्वागत भाषण दिया गया।

**1 करोड 76 लाख के कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण:** म्हाविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा महाविद्यालय में जनभागीदारी से कराये गये 59 लाख रूपये के ग्राउंडफ्लोर के रिन्यूवेशन सहित अन्य कार्यो एवं 42 लाख रूपये लागत के टीनशैड तथा विधुत पोल कार्यो का लोकार्पण किया गया। इसी प्रकार सांसद निधि से महाविद्यालय में 10 लाख रूपये की लागत से बनने वाली केंटीन तथा जनभागीदारी मद से 65 लाख रूपये लागत के मंच निर्माण और रैन वाटर हार्वेस्टिंग, मीटिंग हॉल आदि कार्यो के लिए भूमिपूजन किया गया। इसी प्रकार कुल 1 करोड 76 लाख रूपये लागत के विकास निर्माण कार्यो का भूमिपूजन एवं लोकार्पण किया गया।



## जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत मदनपुर में जागरूकता बैठक आयोजित

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा के मार्गदर्शन एवं सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद के निर्देशन में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा कराहल ब्लॉक के ग्राम मदनपुर में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जागरूकता बैठक आयोजित की गई। बैठक में ग्रामीणों को फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पेयजल की जांच करने का प्रशिक्षण दिया गया तथा जल स्त्रोतों के आसपास साफ-सफाई बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया।

बैठक के दौरान नियमित पेयजल आपूर्ति मिलने पर जल कर का भुगतान करने के लिए भी लोगों को प्रोत्साहित किया गया। साथ ही दूषित पेयजल के सेवन से होने वाली बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर एसडीओ ओ.पी. नागर, उपयंत्री विजय प्रजापति, आईएसए कॉर्डिनेटर नीरज श्रीवास्तव, हैंडपंप टेक्नीशियन अनिल बंसल, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुश्री अंजलि आदिवासी, सहायिका श्रीमती रामदासी आदिवासी, आशा कार्यकर्ता सहित बड़ी संख्या में समुदाय की महिलाएं उपस्थित रहीं।

## मलेरिया नियंत्रण हेतु ग्रामों में जागरूकता अभियान जारी

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** मलेरिया नियंत्रण एवं रोकथाम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्राम जाटखेड़ा, सोईं एवं रामवाड़ी में सघन भ्रमण एवं जन-जागरूकता गतिविधियाँ संचालित की गईं। जिला मलेरिया अधिकारी के निर्देशन में एमटीएस अरविन्द गर्ग ने क्षेत्रीय स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के कार्यों की समीक्षा कर लोगों को मलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी।

इस दौरान आशा कार्यकर्ताओं



को लार्वा सर्वे एवं बुखार पीड़ितों की जांच सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही आमजन से मच्छरदानी के उपयोग, पानी जमा न होने देने एवं बुखार आने पर तुरंत जांच कराने की अपील की गई।

**यातायात नियमों की अनदेखी पर पुलिस सख्त**

## हेलमेट न पहनने वाले 8 चालकों सहित 13 वाहनों पर हुई कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**विजयपुर 28 अप्रैल।** पुलिस मुख्यालय, भोपाल के निर्देशानुसार प्रदेश स्तर पर चलाए जा रहे विशेष हेलमेट जागरूकता अभियान के अंतर्गत आज विजयपुर में पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की गई। यह अभियान पुलिस अधीक्षक श्री सुधीर अग्रवाल के आदेशानुसार एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रवीण भूरिया के मार्गदर्शन में संपूर्ण जिले में संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में, विजयपुर एसडीओपी राघवेंद्र सिंह तोमर के नेतृत्व में यातायात प्रभारी विजयपुर सूबेदार भगवत



प्रसाद पांडेय द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। विशेष अभियान के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहनों पर निम्नानुसार कार्रवाई की गई:बिना हेलमेट चालक: कुल 08 दो पहिया वाहन चालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। अन्य उल्लंघन: 05 अन्य वाहनों पर यातायात नियमों के पालन न करने हेतु कार्रवाई हुई। वसूला गया शुल्क: कुल 13 वाहनों से 4,900 रुपये का समन शुल्क वसूल किया गया। सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली 50 प्रतिशत मृत्यु का मुख्य कारण दो पहिया वाहन चालकों द्वारा हेलमेट न पहनना है। इस विशेष अभियान का प्राथमिक उद्देश्य चालानी कार्रवाई के साथ-साथ आम जनमानस, विशेषकर युवाओं और महिलाओं में व्यवहार परिवर्तन लाना और उन्हें हेलमेट के प्रति जागरूक करना है। पुलिस विभाग द्वारा स्पष्ट किया गया है कि यह अभियान केवल चालानी कार्रवाई तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करना और बहुमूल्य जीवन को बचाना है। नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी और बार-बार उल्लंघन करने वालों के लाइसेंस निलंबन हेतु भी प्रस्ताव भेजे जाएंगे।

## विवाह सम्मेलन आयोजन समाज सेवा का सबसे बडा कार्य : मुख्यमंत्री डॉ यादव

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आदिवासी विकासखण्ड कराहल अंतर्गत नौनार सरकार पर आयोजित सामुहिक विवाह सम्मेलन को वर्चुअली माध्यम से संबोधित करते हुए कहा कि सामुहिक विवाह

**मुख्यमंत्री जी ने विवाह सम्मेलन को वर्चुअली रूप में किया संबोधित**

सम्मेलन का आयोजन समाजसेवा का सबसे बडा कार्य है। उन्होंने कहा कि उन्होंने भी अपने पुत्र का विवाह सामुहिक विवाह सम्मेलन में संपन्न कराया था। इस अवसर पर उन्होंने वर-वधुओं को दाम्पत्य जीवन में प्रवेश पर शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजन होंगे। उन्होंने कहा कि विवाह संस्कार हमारी संस्कृति का एक बडा संस्कार है, यह संस्कार अपने परिवार एवं कुल वंश का आगे बढाने का माध्यम प्रशस्त करता है। इस अवसर पर उन्होंने सभी नवदंपत्तियों को वैवाहिक



जीवन में प्रेम, विश्वास और खुशियों से भरे नवजीवन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं प्रदान की गई। नौनार सरकार मंदिर परिसर में आयोजित 351 कन्याओं के सामुहिक विवाह सम्मेलन के इस पावन अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा, पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, सहरिया विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सीताराम आदिवासी, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, बृजराज सिंह चौहान एवं बाबूलाल मेवरा, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया, अशोक गर्ग, रामलखन नापाखेडली, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, जनपद अध्यक्ष श्रीमती बत्तो बाई आदिवासी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष नीरज जाट, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरनाथ देवरिया, बाबू सिंह यादव, तुलाराम यादव, संतोष अग्रवाल एवं नौनार सरकार के मंहत गोपालदास जी महाराज सहित बडी संख्या में अन्य जनप्रतिनिधि, पंचायत पदाधिकारी, अधिकारी, ग्रामीणजन एवं वर-वधुओं के अभिभावक तथा परिजन मौजूद रहें। इसके साथ ही सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एडिशनल एसपी प्रवीण भूरिया, एसडीएम बीएस श्रीवास्तव आदि अधिकारी उपस्थित थे। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि मध्यप्रदेश की सरकार बेटी बचाओं-बेटी पढाओ के संकल्प के साथ कार्य कर रही है, नौनार सरकार पर मंहत श्री गोपालदास जी महाराज के नेतृत्व में आज बडी संख्या में कन्याओं के विवाह संपन्न हुए है और महाराज श्री द्वारा अगले वर्ष 561 कन्याओं के विवाह संस्कार का संकल्प लिया गया है। उन्होंने कहा कि महाराज श्री द्वारा नौनार सरकार पर एक अस्पताल के निर्माण की अवधारणा भी रखी गई है, जिसके लिए सभी आवश्यक प्रयास सुनिश्चित किये जायेगे। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से पूर्व में 10 लाख रूपये की राशि सामुदायिक भवन निर्माण के लिए प्रदाय की गई है, इसके साथ ही आज क्षेत्रीय सासंद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा 10 लाख रूपये की ओर राशि प्रदान किये जाने के अनुरोध पर स्वीकृति प्रदान की गई है।

सांसद शिवमंगल सिंह तोमर द्वारा इस अवसर पर सांसद निधि से 10 लाख रूपये की अतिरिक्त राशि प्रदाय किये जाने की घोषणा की गई। इस राशि से नौनार सरकार पर सामुदायिक भवन का निर्माण कराया जायेगा। उन्होंने सभी वर-वधुओं को बधाई प्रेषित की। वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने इस आयोजन को पुण्य कार्य बताते हुए कहा कि सामुहिक विवाह सम्मेलन ऐसे माध्यम है, जिनमें जरूरतमंद लोगों की बेटियों के विवाह आसानी से संपन्न हो रहे है।

## विज्ञान शिक्षण को रोचक बनाने हेतु प्रयोगशाला, शिक्षकों का प्रशिक्षण शुरू



नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** विज्ञान विषय को अधिक रोचक एवं प्रयोगात्मक बनाने के उद्देश्य से जिले के 78 हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्रयोगशाला एवं विज्ञान शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण 27 से 29 अप्रैल तक सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, श्योपुर में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (क्प्म्ज) द्वारा किया गया है, जिसमें प्रत्येक विद्यालय से एक-एक शिक्षक भाग ले रहे हैं।

प्रशिक्षण में राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर्स एवं सांदीपनि विद्यालय के प्रयोगशाला प्रभारी द्वारा भौतिक, रसायन एवं जीव विज्ञान के प्रयोगों के माध्यम से शिक्षकों को व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस पहल से शिक्षकों को प्रयोगशाला कार्यों की बारीकियों को समझने में मदद मिलेगी, जिससे वे छात्रों के लिए विज्ञान को अधिक सरल और आकर्षक बना सकेंगे। प्रशिक्षण के नोडल अधिकारी जिला शिक्षा अधिकारी के निर्देशन में अशोक खंडेलवाल, डाईट प्राचार्य राघवेंद्र सिंह सिकरवार एवं प्रशिक्षण प्रभारी राजेश त्रिवेदी द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जा रहा है।



## 2 करोड 40 लाख लागत के 4 एमपीसी का लोकार्पण

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर द्वारा आज आदिवासी विकासखण्ड कराहल के पनवाडा ग्राम में आयोजित कार्यक्रम के माध्यम से 2 करोड 40 लाख रूपये की लागत से 4 ग्रामों में बनाये गये मल्टीपरपज सेंटर का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर उन्होंने ग्राम पनवाडा के एमपीसी पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान पनवाडा में बनाये गये एमपीसी का फीता काटकर उद्घाटन किया गया तथा अन्य तीन ग्रामों झरेर, कलमी-ककरधा तथा बर्धाबुजुर्ग में निर्मित एमपीसी निर्माण की शिला पट्टिकाओं का अनावरण कर लोकार्पण किया गया। प्रत्येक एमपीसी 60-60 लाख रूपये की लागत से बनाये गये है।

उल्लेखनीय है कि पीएम जनमन योजना के तहत श्योपुर जिले के 24 सहरिया बाहुल्य ग्रामों में मल्टी परपज सेंटर (एमपीसी) बनाये जा रहे है। इसी क्रम में आज 4 नव निर्मित एमपीसी का लोकार्पण संपन्न हुआ। प्रत्येक एमपीसी की निर्माण लागत 60 लाख रूपये है, एमपीसी के माध्यम से हेल्थ, न्यूट्रीशन, स्किल डवलपमेंट, वोकेशनल एजुकेशन, वित्तीय साक्षरता, कम्युनिटी एण्ड कल्चर वेलफेयर पर फोकस करते हुए समुदाय को सुविधा उपलब्ध कराई जायेगी। पीएम जनमन योजना के तहत सहरिया बाहुल्य ग्रामों में बनाये जा रहे मल्टी परपज केन्द्र से आंगनबाडी एवं स्वास्थ्य केन्द्र की सेवाएं प्रदान की जायेगी। एमपीसी में आंगनबाडी संचालन और स्वास्थ्य केन्द्र संचालन के लिए पृथक-पृथक कक्ष बनाये गये है, जहां आंगनबाडी कार्यकर्ता एवं एएनएम अपने-अपने कार्यो का संचालन करेंगी। एमपीसी में बैंकिंग करस्पोन्डेन्ट अर्थात कियोस्क संचालक भी बैठेगे। एमपीसी में प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए एक क्लासरूम भी बनाया गया है, इसके साथ ही कल्चर एवं कम्युनिटी प्रोग्राम के लिए हॉल का निर्माण भी कराया गया है।

# बायपास पर 3 करोड़ की लागत से शहरवासियों के लिए बनेगी चौपाटी

### हमारे गौरवशाली अतीत का प्रतीक है अशोक स्तभ (जयस्तभ)–तोमर, अशोक स्तभ का अनावरण, भूतपूर्व सैनिका का सम्मान किया

नवभारत न्यूज

**श्योपुर 28 अप्रैल।** मध्यप्रदेश विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि अशोक स्तभ (जयस्तभ) हमारे गौरवशाली अतीत का प्रतीक है, यह हमारे योद्धाओं की विजयगाथा का स्मरण कराते हुए हमें देश पर बलिदान होने की प्रेरणा देता है। वे आज शहर के हृदयस्थल गांधी पार्क पर अशोक स्तभ अनावरण समारोह को संबोधित कर रहे थे।

विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर ने कहा कि गोवा आंदोलन में विजय प्राप्त होने के अवसर पर श्योपुर में जयस्तभ का निर्माण कराया गया था, उस दौर में विजय के उपलक्ष्य में कराये गये जयस्तभ की वर्तमान समय में पुर्नस्थापना की आवश्यकता महसूस होने पर आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर उनके संसदीय काल में उन्होने प्रेरणा लेते हुए नवीन अशोक स्तभ-जयस्तभ निर्माण के लिए राशि स्वीकृत की गई थी, जनभावना के अनुरूप विजय एवं शौर्य के प्रतीक अशोक स्तभ के अनावरण अवसर पर आज वे अपने आप को गौरांवित महसूस कर रहे है।

गांधी पार्क पर आयोजित अनावरण समारोह के दौरान सांसद शिवमंगल सिंह तोमर, कलेक्टर सुश्री शीला दाहिमा,





पुलिस अधीक्षक सुधीर अग्रवाल, वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गुड्डी बाई आदिवासी, नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय एवं बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसौदिया एवं अशोक गर्ग, भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष सुरेन्द्र जाट, नगरपालिका उपाध्यक्ष संजय महाना, सुजीत गर्ग, भाजपा नगरमंडल अध्यक्ष संजय मंगल, श्रीमती मिथलेश तोमर, श्रीमती सरोज तोमर, श्रीमती उमा शर्मा, जिला पंचायत सदस्य गिरधारी बैरवा सहित अन्य जनप्रतिनिधि, गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इसके अलावा सीईओ जिला पंचायत श्रीमती सौम्या आनंद, अपर कलेक्टर रूपेश उपाध्याय, एसडीएम गगन सिंह मीणा, डिप्टी कलेक्टर विजय शाक्य, सीएमओ राधेरमण यादव आदि अधिकारी उपस्थित थे।

सांसद श्री तोमर ने कहा कि विधानसभा अध्यक्ष ने अपने संसदीय काल के दौरान श्योपुर जिले में विकास के अनेक कार्य किये, सुगम आवागमन के लिए सडको का निर्माण कराया और स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से मेडिकल कॉलेज की सौगात दी और आज भी वे श्योपुर जिले के विकास को लेकर सदैव संवेदनशील रहते है।

वन विकास निगम के अध्यक्ष रामनिवास रावत ने कहा कि प्रदेश की सरकार महिलाओ के सशक्तिकरण के लिए कार्य कर रही है, हाल ही में विधानसभा में नारी शक्ति वंदन का संकल्प लिया गया है और महिलाओं की भूमिका को ओर अधिक सशक्त बनाने की दिशा में प्रदेश की सरकार मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में कार्य कर रही है। विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर श्योपुर जिले के विकास कार्यो के लिए सदैव तत्पर रहते है, उनके द्वारा इस जिले में किये गये विकास के कार्य जिले को गति प्रदान कर रहे है।

भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण ने कहा कि आज गौरवशाली क्षण है, जब अशोक स्तभ का अनावरण हो रहा है, यह जयस्तभ हमारे देश की सेनाओं की शौर्यगाथाओं और उनके साहस एवं बलिदान का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि सांसद निधि से 25 लाख रूपये की लागत से निर्मित अशोक स्तभ हमारे शहर के नागरिकों के लिए पराक्रम, त्याग, बलिदान, साहस का प्रतीक है तथा प्रेरणादायक है।

इसके पूर्व कार्यक्रम की शुरूआत वंदेमातरम् गीत के सामुहिक गायन के साथ हुई तथा इसके उपरांत नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेणु सुजीत गर्ग द्वारा स्वागत भाषण दिया गया। कार्यक्रम के दौरान अतिथियों द्वारा शहर के बायपास रोड पर 3 करोड रूपये की लागत से बनने वाली आधुनिक चौपाटी के निर्माण तथा 19 करोड 87 लाख रूपये की लागत से बनने वाले लीक्विड वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम का भूमिपूजन किया गया, साथ ही सांसद निधि से 10 लाख रूपये की लागत से वार्ड 12 में निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंच के माध्यम से अशोक स्तभ एवं चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा को तराशने वाले शिल्पकार क्रमश: मनोज सिंह एवं दिनेश प्रजापति को शॉल श्रीफल भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर द्वारा अशोक स्तभ का अनावरण किया गया और भूतपूर्व सैनिकों को शॉल भेंटकर माल्यार्पण करते हुए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में नगरपालिका पार्षदों की ओर से माननीय विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर, सांसद श्री तोमर एवं वन विकास निगम के अध्यक्ष श्री रावत को स्मृति चिन्ह भेंट किये गये। कार्यक्रम का संचालन सुशील दुबे एवं आदित्य चौहान तथा आभार प्रदर्शन नगरपालिका उपाध्यक्ष श्री संजय महाना द्वारा किया गया।

**चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा का अनावरण :** विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर द्वारा श्योपुर भ्रमण के दौरान नगरपालिका श्योपुर द्वारा पुल दरवाजा क्षेत्र में स्थापित पूर्व प्रधानमंत्री स्व. चौधरी चरण सिंह की आदमकद प्रतिमा का अनावरण भी किया गया।

**बैरवा धर्मशाला में सामुदायिक भवन का लोकार्पण:** विधानसभा अध्यक्ष श्री तोमर द्वारा श्योपुर भ्रमण के दौरान वार्ड 11 में बैरवा धर्मशाला के पास सांसद निधि से 10 लाख रूपये की लागत से निर्मित सामुदायिक भवन का लोकार्पण भी किया गया।